कार्यालय नगर विकास न्यास,अलवर

क्रमांक/ 1114/13 दिनांकः– 24/12/13

संयुक्त शासन सचिव–द्वितीय
नगरीय विकास विभाग
जयपुर, राजस्थान

विषय :– आगामी 60 दिवस में 11 सूत्री कार्ययोजना की सूची भिजवाये जाने के संबंध में।
सन्दर्भ : – आपका पत्रांक प.3(365)नविवि/3/2013 दिनांक 23.12.13

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्रानुसार माननीया मुख्यमंत्री महोदया, राजस्थान सरकार द्वारा आगामी 60 दिवस में न्यास द्वारा कराये जाने वाले 11 महत्वपूर्ण कार्य किये जाने की कार्य योजना की सूची चाही गई है। न्यास अलवर द्वारा निम्न 11 महत्वपूर्ण कार्य 60 दिवस की अवधि में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है, जो निम्नानुसार है : –

(1) कृषि भूमि पर अवैध रुप से बसी कॉलोनियों के नियमन कर लगभग 500 आवासीय पट्टे जारी करने का कार्य।

(2) न्यास द्वारा निर्मित आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग (EWS) के व्यक्तियों हेतु लगभग 1000 आवास गृहो के आवेदन पत्र आमन्त्रित कर आवंटन हेतु लॉटरी निकालने का कार्य।

(3) भारत सरकार की राजीव आवास योजना के तहत आवास निर्माण हेतु लगभग 3.00 करोड राशि के कार्य।

(4) अलवर शहर में निर्माणाधीन 04 आर.ओ.बी. से 01 आर.ओ.बी. (कला महाविद्यालय) पूर्ण करने का कार्य।

(5) मिनी सचिवालय योजना के तहत पिंगरी फार्म व आर्युवेद औषद्यालय का लगभग 2.00 करोड का निर्माण कार्य।

(6) न्यास की योजनाओं एवं गैर योजना क्षेत्र में पेवरीकरण एवं सी.सी. द्वारा लगभग 10 कि.मी. सड़क का सुद्धढीकरण का कार्य।

(7) न्यास योजना क्षेत्र/गैर योजना क्षेत्र में लगभग 03.00 कि.मी. नाला/नाली का निर्माण कार्य।

(8) सामान्य चिकित्सालय में लगभग 30.00 लाख का मोर्चरी का निर्माण कार्य।

(09) नेमी चन्द मार्केट में लगभग 1.00 करोड की राशि का प्राईवेट बस स्टैण्ड का निर्माण कार्य।

(10) न्यास की योजना/गैर योजना क्षेत्र में 05 हाई मास्ट लाईट लगाने का कार्य।

(11) आडिटोरियम लैण्ड स्केपिंग, फ्रन्ट एलिवेशन हेतु निविदा आमन्त्रित कर कार्य कराने का कार्य एवं आमजन के उपयोग हेतु उपलब्ध कराने का कार्य।

सूचना आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

23/XII/2013
सचिव
नगर विकास न्यास, अलवर

D:\D\PM5\LATTER25\ *(182)*